उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार 22 अग्रहायण, शक संवत्, 1924
**( दिनांक : 13 दिसम्बर, 2002 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. वित्त मंत्री संविधान के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, भारत सरकार से प्राप्त वर्ष 2000-2001, उत्तर प्रदेश सरकार का वाणिज्यिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

5. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (संशोधन) अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

9. स्वास्थ्य मंत्री, उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

....2/....

10. आबकारी मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910) (संशोधन) अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

11. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 13 जून, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 जून, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का पांचवां अधिनियम बन गया।

12. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 जून, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का छठा अधिनियम बन गया।

13. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 जून, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का सातवां अधिनियम बन गया।

14. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तरांचल त्रिस्तरीय पंचायत राज संशोधन विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 जून, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का आठवां अधिनियम बन गया।

15. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तरांचल अल्प संख्यक आयोग, विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 19 जून, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का नवां अधिनियम बन गया।

16. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि भारतीय वन अधिनियम (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 9 मई, 2001, को पारित किया गया था, पर महामहिम राष्ट्रपति की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का दसवां अधिनियम बन गया।

17. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट, विमाण्डेश्वर ईडा मोटर मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री देब सिंह अधिकारी एवं श्री पुष्पेश त्रिपाठी आदि निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....3/....

18. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

19. माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

20. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

21. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

22. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

23. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

24. नगर विकास मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. मुख्यमंत्री भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

26. मुख्यमंत्री भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

27. स्वास्थ्य मंत्री, उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

28. स्वास्थ्य मंत्री, उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

29. आबकारी मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

30. आबकारी मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

31. धर्मस्व कार्य मंत्री, उत्तरांचल (संयुक्त प्रान्त श्री बद्रीनाथ मन्दिर अधिनियम, 1939) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

32. धर्मस्व कार्य मंत्री, उत्तरांचल (संयुक्त प्रान्त श्री बद्रीनाथ मन्दिर अधिनियम, 1939) (संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

33. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**समय-अपराहन् 4 : 00 बजे**

34. वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2002-2003 के लिए प्रथम अनुपूरक अनुदान प्रस्तुत करेंगे।

35. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 13 दिसम्बर, 2002**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

(क)

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

तृतीय सत्र, 2002 का
प्रथम शुक्रवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 22 अग्रहायण, शक संवत्, 1924
(दिनांक : 13 दिसम्बर, 2002)

नत्थी ( ख )

**<u>तारांकित प्रश्न</u>**

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 30.07.2002 डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 27.08.2002 | *1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने डाक्टरों के पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन पदों को भरने के लिए नई नियुक्तियाँ करने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 31.07.2002 | *2. क्या कृषि मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष प्रदेश में सूखे का कुप्रभाव किन-किन जनपदों में पड़ा है ? क्या सरकार सूखे की चपेट में आये कृषकों एवं जनता को राहत देने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कितनी-कितनी ? | प्रथम बुध के तारा.11 में स्था0 |
| श्री हरबंस कपूर 31.07.2002 | *3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में गत वर्ष बालक-बालिकाओं का जन्म दर का अनुपात क्या था ? क्या सरकार प्रदेश भर में भ्रूण हत्याओं को रोकने के लिए कानून को प्रभावी ढंग से लागू करायेगी ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक 02.08.2002 | *4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश के पर्यटन के विकास की कोई कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो उसका प्रारूप क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 05.08.2002 | *5. क्या आबकारी मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में विदेशी शराब की कुल कितनी दुकानें आवंटित हैं ? क्या सरकार गंगोत्री, यमनोत्री धामों के मुख्य सड़क मार्गो से शराब की दुकानों को अन्यत्र हटाने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी |
| श्री माल चन्द 14.08.2002 | *6. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों मे यातायात की सुविधा न होने के कारण फसलों को शीघ्र मण्डी तक नहीं पहुँचाया जा सकता हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार किसी संस्था या निगम के माध्यम से किसी एक निश्चित स्थान पर इनका समर्थन मूल्य निर्धारित कर क्रय केन्द्र स्थापित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | द्वितीय बुध के तारा0 7 में स्था0 |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 29.07.2002 | 1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गोपेश्वर स्थित राजकीय चिकित्सालय में कुल कितने चिकित्सक सर्जन वर्तमान में हैं तथा किन-किन विभागों में डाक्टरों का अभाव है ? क्या सरकार उक्त चिकित्सालयों में डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करवायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 29.07.2002 | 2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के किन-किन अस्पतालों में अल्ट्रासाउन्ड एवं सी.टी. स्कैन की व्यवस्था है ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 29.07.2002 | 3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में कुल कितने आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैं ? क्या सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में डाक्टर उपलब्ध हैं ? यदि नही, तो क्या सरकार इन चिकित्सालयों में डाक्टर उपलब्ध कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 29.07.2002 | 4. क्या चिकित्सा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के कुल कितने पद सृजित हैं एवं कितने चिकित्सक वर्तमान में कार्यरत हैं ? क्या सरकार जनहित में शेष चिकित्सकों की तैनाती किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 29.07.2002 | 5. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के प्रसिद्ध दशमद्धार कालीमठ मन्दिर कन्डारा के सौन्दर्यीकरण के लिए सरकार के पास कोई कार्य योजना प्रस्तावित है ? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 29.07.2002 | 6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित किये जाने की कोई योजना शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक 29.07.2002 | 7. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में रोजगार कार्यालयों में कुल कितने बेराजगार पंजीकृत हैं ? वर्तमान सरकार द्वारा रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से अब तक कितने बेरोज़गारों को रोज़गार दिया गया है ? क्या सरकार यह भी जानकारी देगी कि कितने लोंगो को रोज़गार कार्यालयों में पंजीकरण के बिना रोज़गार दिया गया है ? | श्रम |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03.08.2002 | 16. क्या चिकित्सा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग जनपद के विधापीठ (गुप्तकाशी) में बन्द पड़ी आयुर्वेद फार्मेसी को पुनः संचालित करने की कोई कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्री मातबर सिहं कण्डारी<br>05.08.2002 | 17. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितने राजकीय कृषि फार्म हैं? कितने राजकीय कृषि फार्म घाटे में तथा कितने राजकीय कृषि फार्म लाभ में चल रहें हैं? घाटे में चल रहे राजकीय कृषि फार्मों को उबारने हेतु सरकार की क्या योजना है? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2002 | 18. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत प्रसिद्ध शक्ति पीठ माँ सुरकण्डा मन्दिर में निर्मित धर्मशाला स्थानीय जनता द्वारा एकत्रित चन्दे/दान राशि से अथवा सरकारी धन से बनी है? क्या उक्त धर्मशाला में पुलिस का कब्जा है? यदि हाँ, तो कब तक कब्जा हटा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>05.08.2002 | 19. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के आदि बद्री नामक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल को तीर्थाटन एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>06.08.2002 | 20. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में कितने स्वास्थ्य स्वयं सेवक सी.एच.जी. (C.H.G.) विभाग के अधीन कार्य कर रहें हैं? उन्हें प्रतिमाह दी जा रही मानदेय की दर क्या है? क्या सरकार इनके मानदेय की दर बढ़ाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो मानदेय की दर कब तक बढ़ा दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>06.08.2002 | 21. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की उत्तरांचल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के विषयों को प्रारम्भ करने की कोई योजना है? क्या यह सत्य है कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय इन्टर कालेज सिलोगी मल्ला ढांगू में वर्ष 2000 में एक मिनी आई.टी.आई. भवन 12 लाख रूपये की लागत से निर्मित किया गया था? क्या इस विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा विषयों का अध्यापन प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय गुरू के अता0 26 में स्था0 |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>07.08.2002 | 22. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सिराकोट के सौन्दर्यीकरण हेतु कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो वह योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>17.08.2002 | 31. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में विभिन्न विषयों में इन्जीनियरिंग की शिक्षा देने वाले कितने संस्थान कार्य कर रहे हैं? उनमें से कितने संस्थान उत्तरांचल के विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं? कृपया सूची सभा पटल पर रखने का कष्ट करें? क्या अवैध रूप से संचालित संस्थानों के विरुद्ध सरकार कोई कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>17.08.2002 | 32. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में समय पर वर्षा न होने से वर्तमान फसलें प्रभावित हुई हैं तथा जनपद को सूखा ग्रस्त घोषित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सभी कृषकों के ऋण माफ कर दिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रकाश पंत<br>17.08.2002 | 33. क्या जलागम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2001-2002 तथा 2002-2003 में जलागम परियोजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के लिये कितनी धनराशि किस-किस परियोजना के लिए स्वीकृत की गयी थी तथा कार्य की अद्यतन प्रगति क्या है? | जलागम |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.08.2002<br>श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>24.08.2002 | 34. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरुप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री माल चन्द<br>19.08.2002 | 35. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लम्बी अवधि से अनिस्तारित स्वास्थ्य समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अपर स्वास्थ्य निदेशक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी तथा अन्य नौ अधिकारियों को पृष्ठांकित क्षेत्र पंचायत कोट (गढ़वाल) का दिनांक 28 फरवरी, 2002 का पत्रांक- जनपद/4-स्वास्थ्य/2001-02 कब प्राप्त हुआ और पत्र में वर्णित बिन्दुओं तथा उन बिन्दुओं में संदर्भित पत्रों/प्रत्यावेदनों पर की गई कार्यवाही का बिन्दुवार विवरण क्या है? | स्वास्थ्य |
| श्री माल चन्द<br>19.08.2002 | 36. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या अपर स्वास्थ्य निदेशक, गढ़वाल मण्डल पौड़ी के पत्रांक ए.डी. /बैठक/2001-2002/974-2 दिनांक 03/04.10.2001 द्वारा तत्कालीन क्षेत्रीय स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विकास खण्ड कोट जनपद पौड़ी गढ़वाल के विरुद्ध डा0 पंवार उप मुख्य चिकित्साधिकारी प्रथम (कार्मिक) को जाँच अधिकारी नामित किया गया था? यदि हाँ, तो क्या जाँच आख्या प्राप्त हो गई है? यदि नही, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21.08.2002 | 44. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट हेतु देहरादून से सीधी बस सेवा प्रारम्भ करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.08.2002 | 45. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में नये तकनीकी शिक्षा केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.08.2002 | 46. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के नागनाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार के पास कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.08.2002 | 47. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में काफिला बनाकर स्कूटर यात्रा करने वालों पर सरकार प्रतिबन्ध लगाये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.08.2002 | 48. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरुप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.08.2002 | 49. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष चार धाम यात्रा योजना में उत्तरांचल से बाहर के कुल कितने वाहनों से यात्रा की गयी तथा इन वाहनों से सरकार को कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ? | परिवहन |
| श्री प्रकाश पंत<br>23.08.2002 | 50. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि उत्तरांचल के कितने जनपदों में पूर्व सैनिक पुर्नवास अधिकारी के पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन पदों पर सैन्य अधिकारियों को सेवायोजित करेगी? यदि हाँ, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री प्रकाश पंत<br>23.08.2002 | 51. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि क्या सरकार उत्तरांचल में पूर्व सैनिकों की संख्या को देखते हुए एक पृथक विभाग खोलने का विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री नारायण राम आर्य<br>23.08.2002 | 52. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगोलीहाट (पिथौरागढ़) में सृजित चिकित्सकों के पदों पर नियुक्तियां कब तक हो जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 28.08.2002 | 62. क्या चिकित्सा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002 तक के उत्तरांचल में प्रशिक्षित डिप्लोमा फार्मेसिस्टों को रोजगार प्रदान करने हेतु शासन स्तर पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? | चिकित्सा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 28.08.2002 | 63. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल हैल्थ सिस्टम परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्या है? बारह जनपदों में 38 एंबुलैंस की व्यवस्था कर क्षेत्रीय जनता को किस प्रकार चिकित्सा सुविधा दी जायेगी? | चिकित्सा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 28.08.2002 | 64. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली में राजकीय चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए धनराशि किस वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की गई थी? उक्त भवन निर्माण पर अब तक कितना धन खर्च किया गया? क्या इस वर्ष भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 28.08.2002 | 65. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ में स्वीकृत/निर्माणाधीन "सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र" के भवन का निर्माण कब तक पूर्ण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 29.08.2002 | 66. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कैमिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा को कृषि/मैकेनिकल/सिविल डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेड के समकक्ष माना जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 04.09.2002 | 67. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के भिलंगना व बालगंगा नदी में रिवर-राफ्टिंग क्यार्खी-बुग्याल में शीत खेल स्कीईंग व पैराग्लाईडिंग तथा पर्वतारोहण की अपार सम्भावनाऐं हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त खेलों को बढ़ावा देने के लिये कोई कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री तसलीम अहमद 04.09.2002 | 68. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार में ग्राम वासियों की आपत्ति के बावजूद भी शराब की दुकान खुली हैं? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी जनहित में उक्त दुकान को तत्काल आबादी से बाहर स्थानान्तरित कराने की कार्यवाही करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल 09.09.2002 | 69. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि "राज्य रक्षालय संस्थान" पटवाडागर जनपद नैनीताल का औषधि निर्माण का लाइसेन्स सन् 1995 से नवीनीकरण न कराये जाने के कारण रद्द कर दिया गया है? यदि हाँ, तो औषधि निर्माण लाइसेन्स का नवीनीकरण न कराये जाने के लिए कौन जिम्मेदार है तथा कब तक लाइसेन्स का नवीनीकरण कर औषधि निर्माण लाइसेन्स प्राप्त कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17.09.2002 | 78. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी में कितने राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल हैं? इन अस्पतालों में डाक्टरों के रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>18.09.2002 | 79. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश में कुल कितने डाक्टर तथा महिला डाक्टर कार्यरत हैं? क्या सरकार जनपदवार चिकित्सकों तथा महिला चिकित्सकों की संख्या का ब्यौरा प्रस्तुत करेगी? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2002 | 80. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के पौखाल नामक स्थल पर आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन भूकम्प से क्षतिग्रस्त हो गया था? यदि हाँ, तो क्या उक्त क्षतिग्रस्त भवन का पुनर्निर्माण किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक भवन बनाने की स्वीकृति मिल जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2002 | 81. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र के चमियाला स्थित आई0टी0आई0 में कितने अनुदेशकों के पद रिक्त हैं? इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2002 | 82. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र में कितने गाँवों में मातृ-शिशु कल्याण केन्द्र चल रहे हैं तथा कितने केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.09.2002 | 83. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र के 22 गाँवों की एक न्याय पंचायत क्षेत्र में एक भी ऐलोपैथिक चिकित्सालय नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में अविलम्ब बूढ़ाकेदार में ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.09.2002 | 84. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र के बूढ़ाकेदार, भासरताल, लिंगताल, लम्बताल, सहस्रताल, क्यार्खी बुग्याल, कुश कल्याण, चंदियारताल, जरालताल, मज्याड़ताल, ज्वालामुखी, हरकुणी, रघुनाथ छुत्तु, विरोध खतलिंग, पंवाली कांडा, पलिंगा सौड़, भैहन चूलागढ़ राजराजेश्वरी, बेलेश्वर, रानीगढ़, नन्दादेवी, भांसरताल-रतकोट, जगदीशिला, विशोन (विश्वनाथ), बाला सुन्दरी तथा मानिकनाथ नामक पर्यटन स्थल हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त पर्यटन स्थलों के विकास की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>10.10.2002 | 93. क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मार्च, 2002 से 30 सितम्बर, 2002 तक जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में कितने आपरेशन किये गये? क्या वर्तमान में चिकित्सालय के आपरेशन थियेटर का उपयोग किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा |